कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022 **दिनांक 08.03.2026**

सेवा में,

पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर
अपर पुलिस महानिदेशक,
वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 07.03.2026** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना गहमर पुलिस द्वारा दिनांक 24.12.2025 को घटित ट्रिपल मर्डर से सम्बन्धित 25,000/- रु0 के इनामिया एवं वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 07.03.2026 को गहमर रेलवे स्टेशन बारा रोड पर चेकिंग के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 276/2025 धारा 191(2),191(3),103(1),61(2),238,3(5),324(6) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित एवं 25,000/- (पच्चीस हजार रुपये) के इनामिया अभियुक्त अमरजीत कुमार सिंह उर्फ बबुआ पुत्र अनिल सिंह उर्फ पप्पू निवासी ग्राम खेलू राय पट्टी गहमर थाना गहमर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार शुदा इनामिया अभियुक्त का नाम व पता –

अमरजीत कुमार सिंह उर्फ बबुआ पुत्र अनिल सिंह उर्फ पप्पू निवासी ग्राम खेलू राय पट्टी गहमर थाना गहमर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 28 वर्ष

अभियुक्त का आपराधिक विवरण-

1. मु0अ0सं0 098/2018 धारा 147,148,323,325,504,506 भा0द0वि0 थाना गहमर जनपद गाजीपुर
2. मु0अ0सं0 0041/2022 धारा 3,7,25 आयुध अधि0 व 307 भा0द0वि0 थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर
3. मु0अ0सं0 276/2025 धारा 191(2),191(3),103(1),61(2),238,3(5),324(6) बीएनएस थाना गहमर जनपद गाजीपुर

02. थाना सुहवल पुलिस द्वारा 01 अदद तलवार के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 07.03.2026 को उ0नि0 भोलानाथ सरोज मय हमराह द्वारा सोनवल क्रासिंग के पास चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर कि बड़ौरा पेट्रोल पम्प ग्राम बड़ौरा पर 01 व्यक्ति तलवार ले कर खड़ा है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त निलेश कुमार पुत्र वकील बिन्द को घेरकर पकड़ लिया गया। अभियुक्त का यह कृत्य अन्तर्गत धारा 4/25 आर्म्स एक्ट का अपराध है। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 26/26 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

निलेश कुमार पुत्र वकील बिन्द निवासी ग्राम पटखौलिया जिला –गाजीपुर उम्र करीब 21 वर्ष

बरामदगीः-

01 अदद नाजायज तलवार

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर